तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026


13 कलेक्टर का कुल्हाड़ीघाट में निरीक्षण; पहुंचे कमार...



14 रवेली नाले पर नया पुल व चैतरा सेंदर मार्ग की...















# बारिश थमते ही खेतों में लौटी रौनक, धान की बोआई और रोपाई कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अंचल में तीन दिनों तक हुई झमाझम बारिश के बाद मौसम खुलते ही खेतों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। लंबे इंतजार के बाद हुई अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेत-खलिहानों में पर्याप्त पानी भर जाने से किसान अब तेजी से खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। कहीं नागर-बैल से जुताई हो रही है तो कहीं ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई और मटाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बारिश से खेतों में जरूरत के मुताबिक पानी जमा होने के बाद किसान मटाई कर धान की बुआई और रोपाई शुरू कर चुके हैं। जिन किसानों ने पहले ही धान की नर्सरी (थरहा) तैयार कर ली थी, वे अब खेत तैयार होते ही धान की रोपाई में जुट गए हैं। वहीं अन्य किसान खेतों की जुताई और मटाई का कार्य पूरा कर बुआई की तैयारी कर रहे हैं।

इस वर्ष मानसून की देरी के कारण खेती-किसानी का कार्य पिछड़ गया था। बारिश नहीं होने से किसान चिंतित थे और आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे थे। अब लगातार हुई अच्छी बारिश ने उनकी चिंता दूर कर दी है। बारिश थमते ही किसान और खेतिहर मजदूर सुबह से शाम तक खेतों में काम करते नजर आ रहे हैं। समय की भरपाई के लिए किसान बिना देर किए खेती के कार्यों को तेजी से पूरा करने में लगे हैं।

### युद्धस्तर पर खरीफ की तैयारियों में जुटे जिले के किसान



#### बेहतर उत्पादन की जगी उम्मीद, सरना समेत इन किस्मों पर भरोसा

किसान चंद्रकांत, रामधार ध्रुव और मनीष कुमार ने बताया कि अच्छी बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी और पानी उपलब्ध है, जिससे जुताई, मटाई और रोपाई का कार्य सुगमता से हो रहा है। खरीफ सीजन में क्षेत्र के अधिकांश किसान सरना किस्म की विभिन्न वैरायटी के साथ-साथ मोटा और पतला धान की खेती कर रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि समय पर हुई यह बारिश इस वर्ष बेहतर उत्पादन का आधार बनेगी।



**खुलासा : बहन की गुहार और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत के बाद हरकत में आया तंत्र**

# मड़ई-मेले में विवाद, युवक की हत्या के मामले में 1 नाबालिग सहित 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नगर के ठाकुरदेवपारा निवासी 28 वर्षीय युवक आकाश कश्यप पिता स्वर्गीय चुम्मन लाल कश्यप की बीती 1 जुलाई को इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। नगर और क्षेत्र में लगातार हो रही तरह-तरह की चर्चाओं के बीच पुलिस जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि आकाश की मृत्यु सामान्य नहीं, बल्कि मडई मेले में हुए विवाद के बाद बेरहमी से की गई मारपीट हत्या के कारण हुई थी। इस मामले में तत्परता दिखाते हुए मैनपुर पुलिस ने एक नाबालिग सहित कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आकाश की मौत के बाद उसकी बहन आकांक्षा कश्यप ने इस पूरे मामले को सोची-समझी हत्या बताते हुए न्याय की जंग शुरू की थी। आकांक्षा ने एक ओर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर से मिलकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की फरियाद लगाई, तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर भी शिकायत दर्ज कराई। मामला तूल पकड़ते ही पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर ने मामले की गंभीरता को समझा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके व एसडीओपी ओमप्रकाश कुजूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मैनपुर को इस मौत की बारीकी और कड़ाई से जांच करने के कड़े निर्देश दिए।






युवक की संदिग्ध मौत पर बवाल
बहन ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के ठाकुरदेव पारा निवासी एक युवक आकाश कश्यप पिता चुम्मनलाल कश्यप उम्र 28 वर्ष की 01 जुलाई को ईलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत को उसके बहन आकांक्षा कश्यप द्वारा हत्या बताते हुए मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर जहां एक ओर गरियाबंद पहुंच पुलिस अधीक्षक से फरियाद लगाई है तो वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री हेल्पलाईन नंबर 1076 में फोन लगाकर शिकायत दर्ज कराते हुए मृतक भाई को न्याय दिलाने की मांग किया है।

ज्ञात हो कि मैनपुर थाना क्षेत्र के युवक आकाश कश्यप की संदेहास्पद मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक की बहन आकांक्षा कश्यप ने पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को विस्तृत आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि थाना मैनपुर ने संज्ञेय अपराध की सूचना देने के बावजूद अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 173(4) के तहत तत्काल अपराध पंजीबद्ध करने और वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

पोस्टमार्डम रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी- मैनपुर थाना प्रभारी सिध्देश्वर प्रताप सिंह ने इस संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि युवक के मौत के कई कारण हो सकते है, पुलिस पोस्टमार्डम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, पोस्टमार्डम रिर्पोट आने के बाद इस मामले में कार्यवाही किया जायेगा। उनके परिजनों के द्वारा आवेदन देकर मौत पर संदेह जाहिर किया गया है पुलिस हर मामले में जांच कर रही है।

### मर्ग जांच और पीएम रिपोर्ट से खुला हत्या का राज

पुलिस से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 3 जुलाई को जिला अस्पताल गरियाबंद से सिटी कोतवाली को सूचना मिली थी कि मैनपुर निवासी आकाश कश्यप की इलाज के दौरान मौत हो गई है। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम (**PM**) कराया। चूंकि घटना स्थल थाना मैनपुर क्षेत्र का था, इसलिए मर्ग जांच डायरी मैनपुर थाने भेजी गई। थाना प्रभारी मैनपुर के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने जब घटना के प्रत्यक्षदर्शी गवाहों से पूछताछ की और डॉक्टर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का मिलान किया, तो शरीर पर आए प्राणघातक चोटों के निशान से हत्या की बात साफ हो गई।

# आमानाला नहर कई जगह से टूटी, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम सोरिद खुर्द एवं अमेठी के किसानों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के प्रयासों से आमानाला जलाशय के जीर्णोद्धार तथा नहर निर्माण एवं कंक्रीटीकरण के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। किसानों को शीघ्र सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों की देखरेख में नहर निर्माण एवं कंक्रीटीकरण का कार्य कराया गया। लेकिन इस वर्ष मानसून की पहली ही बारिश में नहर का कंक्रीटीकरण कई स्थानों पर टूटने लगा है। वहीं नहर में मिट्टी भर जाने से पानी के सुचारु प्रवाह पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इससे क्षेत्र के किसानों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी है।



किसानों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग एवं गुणवत्ता में लापरवाही का आरोप लगाते हुए निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में किसानों ने क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू को शिकायत भी सौंपी। शिकायत पर विधायक रोहित साहू ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नहर के क्षतिग्रस्त हिस्सों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने तथा निर्माण कार्य की जांच कराने के निर्देश देने का भरोसा दिलाया।

## खबर संक्षेप

### छुरा में सरपंच संघ की विशेष बैठक 11 को





**छुरा।** सरपंच संघ के द्वारा दिनांक 11 जुलाई को विश्राम गृह छुरा मे समय 1:30 बजे दोपहर विशेष बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में राजीम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में एवं जनपद पंचायत छुरा के अध्यक्ष मीरा ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संघ के अध्यक्ष पन्ना लाल धुव्र, सचिव दीपक धुव्र ने सभी सरपंचों से अपील की है अधिक संख्या में उपस्थित हो कर अपनी मांग, समस्याओं की चर्चा में बात रखे।

### सड़क हादसे में तीन घायल



**मैनपुर।** नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में गोल्डन ढाबा के पास गुरुवार को सड़क हादसा हो गया। मैनपुर से गरियाबंद की ओर जा रही एक पल्सर बाइक टकरा जाने से हादसे में बाइक पर सवार 3 युवक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। बाइक पुल से टकराई या किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मारा यह अभी स्थिति साफ नही हुआ है बहरहाल तीन युवक गंभीर रूप से घायल है और ग्राम बुढ़ार के निवासी हैं। वे किसी काम से पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर मैनपुर से गरियाबंद की ओर जा रहे थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बेलसोंडा के पारधीपारा में रहन वाली ममता पारधी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर 7 जुलाई को पवन पारधी, नकुल पारधी और रंजीत पारधी गाली गलौज किया।

# जिला पुलिस ने विवेचकों को बांटे 72 स्मार्टफोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में आपराधिक मामलों की जांच को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में गरियाबंद पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिले के विवेचकों को अपराध विवेचना के लिए 72 आधुनिक स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल साक्ष्यों के संकलन को मजबूत करना और विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाना है। स्मार्टफोन वितरण के साथ पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक एवं विशेष प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विवेचकों को डिजिटल पुलिसिंग के आधुनिक उपकरणों और तकनीकों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। उन्हें घटनास्थल से ई-साक्ष्य सुरक्षित करने, ई-साइन के माध्यम से एफआईआर और न्यायालयीन दस्तावेजों पर डिजिटल हस्ताक्षर करने तथा चार्जशीट की डिजिटल प्रक्रिया को अपनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा समाधान ऐप के संचालन और आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बदलते समय के साथ अपराधों का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। ऐसे में पुलिस को तकनीक से लैस करना समय की आवश्यकता है। अधिकारियों ने कहा कि अब विवेचक घटनास्थल पर ही डिजिटल साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन कर सकेंगे, जिससे जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और न्यायालय में मामलों को प्रमाणित करने में भी आसानी होगी। स्मार्टफोन के उपयोग से कागजी कार्रवाई कम होगी, जांच में तेजी आएगी और पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। गरियाबंद पुलिस का मानना है कि डिजिटल तकनीक के बेहतर उपयोग से अपराध विवेचना की गुणवत्ता में सुधार होगा और आम लोगों को भी पुलिस सेवाओं का लाभ अधिक तेज़ी और प्रभावी ढंग से मिल सकेगा।

# कांग्रेस ने नकटी गांव में मकान तोड़े जाने के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बरसात के इन दिनो मे भाजपा सरकार द्वारा नकटी गांव मे ग्रामीणों के मकानों को तोड़े जाने और गरीब परिवार को बेसहारा किये जाने के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा गुरूवार शाम तहसील मुख्यालय मैनपुर में जंगी रैली निकाल भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचे और मुख्यमंत्री का पुतला जला दिया। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ को पुलिस के बीच भारी झड़प देखने को मिली पुलिस द्वारा जलते पुतले पर पानी डालकर बुझाया गया और उसे अपने साथ ले गये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा जब से भाजपा की सरकार बनी है छत्तीसगढ़ के जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है विधायक आवास के नाम पर गरीबो के आसियाने को बुलडोजर से जमीदोज कर दिया गया और तो और इस भाजपा सरकार को गरीबो के आंसु छोटे – छोटे बच्चो के चीख और पुकार भी नही सुनाई दी और बरबरतापूर्वक मकानो को तोड़ दिया जबकि बारिश के दिनो मे परिंदो के घोसलो को कोई उजाड़ता नही ▶▶| शेष पेज 12 पर

**पिपरौद स्कूल में डिजिटल सुरक्षा पर जन जागरुकता कार्यक्रम**

# डिजिटल दौर में सतर्कता जरूरी, अंजानों से न करें ओटीपी शेयर : तुलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शास उच्चतर माध्यमिक शाला पिपरौद में विद्यार्थियों शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर अपराधों एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वीम वेलफेयर फाउंडेशन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम में पृथ्वी वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष योगिता सिन्हा एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारी सीएसपी तुलसी लेकाम के नेतृत्व में विद्यार्थियों को कानून संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सीएसपी तुलसी मरकाम ने छात्र-छात्राओं को देश में लागू किए गए नवीन भारतीय कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताये। कहा कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लिंक एवं डिजिटल भुगतान से संबंधित धोखाधड़ी के ▶▶| शेष पेज 12 पर






### पृथ्वीम फाउंडेशन सामाजिक सरोकार के लिए समर्पित संस्थान : योगिता

पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने कहा कि पृथ्वीम फाउंडेशन सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए समर्पित संस्था है। विगत दो वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनजागरुकता के अनेको कार्य फाउंडेशन द्वारा किए गए है। पृथ्वीम फाउंडेशन सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रही है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौद में पुलिस विभाग के विशेष सहयोग से साइबर क्राइम, डिजिटल फ्रॉड पर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को प्राप्त हुआ है।

# 13 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'नया सवेरा अभियान' के तहत गरियाबंद पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 13 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना गरियाबंद पुलिस को मुखबिर से ग्राम नागाबुड़ा में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने आवासपारा में ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### प्राध्यापक करेंगे राष्ट्रीय सेवा योजना की मॉनिटरिंग

**रायपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों में 29 अंशकालीन जिला संगठकों की नियुक्ति की गई है। संबंधित प्राध्यापकों व व्याख्याताओं को उनके वर्तमान शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ आगामी 2 वर्षों के लिए जिला संगठक की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में राज्य के सभी प्रमुख जिलों और अंचलों को शामिल किया गया है। सभी नवनियुक्त जिला संगठकों को निर्देशित किया गया है।कि वे अपने-अपने जिलों के कलेक्टर से तत्काल संपर्क स्थापित कर 'जिला स्तरीय सलाहकार समिति' का गठन सुनिश्चित करें और नियमानुसार बैठकों का आयोजन करें। सभी संगठकों को हर महीने अपना दौरा कार्यक्रम, कार्यों का संकलित प्रतिवेदन और निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में संबंधित विश्वविद्यालयीन रासेयो प्रकोष्ठ और राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ को अनिवार्य रूप से भेजनी होगी।

### विधायकों से नटकी में आवास ना लेने अनुरोध करेगी आप

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी नकटी गांव में हुई कार्रवाई के विरोध में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत 8 जुलाई को प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति-पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी प्रदेश पदाधिकारियों सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। पार्टी ने कहा, इस अभियान के माध्यम से यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन विधायक गरीबों के साथ खड़ा है और कौन सत्ता के साथ है।

**आस्था :** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर अमलीपदर में तैयारी, पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु

# अमलीपदर जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव उड़ीसा के कारीगर बना रहे गुंडिचा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा गरियाबंद जिले के अमलीपदर में इस वर्ष भी पूरी भव्यता और पारंपरिक विधि-विधान के साथ निकाली जाएगी। इस ऐतिहासिक रथयात्रा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचते हैं। इसके अलावा, प्रदेशभर के बड़े राजनेता, जनप्रनिधि और आला अधिकारी भी इस महापर्व के साक्षी बनते हैं। रथयात्रा के दौरान पूरा अमलीपदर क्षेत्र 'जय जगन्नाथ' और 'बोल कालिया' के जयकारों से गूंज उठता है। इस वर्ष रथयात्रा महोत्सव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव के लिए गुंडिचा मंदिर में एक ऐतिहासिक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके लिए मुख्य पंडाल और गुंडिचा मंदिर का निर्माण उड़ीसा से आए कुशल कारीगरों की विशेष निगरानी में किया जा रहा है। इसी भव्य पंडाल में महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी अपने बड़े भाई श्री बलभद्र और बहन सुभद्रा संग विराजमान होंगे, जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।



### वर्षभर रहता है भक्तों को इस महापर्व का इंतजार

भगवान जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडेय ने बताया कि यह क्षेत्र का एक महान महापर्व है, जिसके लिए श्रद्धालु वर्षभर बड़ी बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि सारे मंदिरों के अलावा एकमात्र श्री जगन्नाथ महाप्रभु ही ऐसे देव हैं, जो अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए स्वयं मंदिर से बाहर निकलकर रथ पर सवार होते हैं। क्षेत्रभर के भक्तों में इस महापर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। पंडित पांडेय ने सभी श्रद्धालुओं से हाथ जोड़कर अपील की है कि वे इस रथयात्रा पर्व में शामिल होकर महाप्रभु के दर्शन का लाभ उठाएं और अपने जीवन को सफल बनाएं।




**जनसैलाब को देखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद-** आयोजन की भव्यता और उमड़ने वाले भारी जनसैलाब को देखते हुए शासन-प्रमिशन ने भी अपनी ओर से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। मेले और रथयात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष बल तैनात किया जाएगा।

**15 जुलाई से 25 जुलाई तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की समय-सारणी-** महापर्व के दौरान 9 दिनों तक विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी, जो इस प्रकार हैः

15 जुलाई रथ पूजा, ध्वज परिवर्तन और महाप्रभु का विशेष अभिषेक पूजन। 16 जुलाई पवित्र रथयात्रा महोत्सव का मुख्य आयोजन (रथ खींचना)। 17 से 19 जुलाई विभिन्न हरिनाम संकीर्तन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन, पौराणिक ओड़िया नाटक व अन्य धार्मिक कार्यक्रम। 20 जुलाई पवित्र हेरापंचमी जात्रा। 21 जुलाई महानिशा पूजा। 22 जुलाई हरिनाम संकीर्तन के साथ ही कामता प्रसाद शरण द्वारा संगीतमय रामायण की प्रस्तुति। 23 जुलाई विशेष रथ पूजा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान। 24 जुलाई पवित्र बाहुड़ा जात्रा (उलटी रथयात्रा)। गुंडिचा मंदिर के सामने विभिन्न मनमोहक झांकियां और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। शाम 4:00 बजे महाप्रभु गुंडिचा मंदिर से पुनः श्रीमंदिर (मुख्य मंदिर) के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 जुलाई हरिशयन जात्रा के साथ महापर्व का भव्य समापन।

## जिले में सरकारी अस्पतालों की स्थिति बदतर, समय पर इलाज नहीं, मरीज हो रहे हैं परेशानः संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। मरीजों को डॉक्टरों की कमी, आवश्यक दवाइयों का अभाव और जांच सुविधाओं में देरी जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बताया कि महासमुंद जिले में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अनेक उप-स्वास्थ्य केंद्रों है, लेकिन यहां डाक्टरों का पर्याप्त स्टाफ नहीं है। दवाइयों का अभाव और लैब की जांच में ज्यादा देरी के कारण मरीज बहुत परेशान हो रहे हैं। यहां सुविधाओं और सेवाओं में कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं।



सरकारी अस्पतालों में आने वाले ग्रामीण मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन यहां इलाज में देरी और अव्यवस्था के चलते उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। आप नेताओं ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पतालों में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पद शीघ्र भरे जाएं, आवश्यक दवाइयों और जांच सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, साफ-सफाई एवं पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए तथा मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। यदि जिले में सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को ठीक नहीं करती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी।

## सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र किसड़ी में बंद हैंडपंप की हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्राम किसड़ी के उपस्वास्थ्य केंद्र में बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया है। वहीं ग्राम कुर्मीपाली के बाजरपारा में नलकूप खनन का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है।

- ग्राम कुर्मीपाली में नलकूप खनन कर पेयजल का किया स्थायी समाधान

सरायपाली के ग्राम किसड़ी निवासी यशपाल पटेल ने आवेदक क्रमांक 26144597500087 के माध्यम से ग्राम किसड़ी के उपस्वास्थ्य केंद्र में बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। विभाग के तकनीकी दल द्वारा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य किया गया तथा 30 मई 2026 को हैंडपंप की मरम्मत पूर्ण कर उसे पुनः सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। इससे मरीजों, स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों को पुनः स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। मांग के सफल निराकरण के पश्चात आवेदक यशपाल पटेल को इसकी सूचना भी प्रदान कर दी गई। ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम कुर्मीपाली के निवासी उपेन्द्र बारिया ने आवेदन क्रमांक 2614460380 0008 के माध्यम से ग्राम कुर्मीपाली के बाजारपारा में बोर खनन कराने का अनुरोध किया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बिना विलंब आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की और स्थल का तकनीकी परीक्षण कराया। जांच के उपरांत 2 जून 2026 को रिंग मशीन के माध्यम से 120 मीटर गहराई तक नलकूप खनन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। नलकूप खनन पूर्ण होने से बाजारपारा के निवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इससे पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। कार्रवाई के लिए उन्होंने शासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक ही ऑनलाइन हाजिर! नाराज डीपीआई ने कहा- आदेश सभी के लिए, उपस्थिति ऐप पर ही मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के स्कूलों में एक जुलाई से लागू उपस्थिति संबंधित नए नियम के बाद डीपीआई ने अपनी नराजगी जाहिर की है। नए नियम के अनुसार स्कूलों में वीएसके ऐप के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य है, लेकिन केवल शिक्षक ही इसका उपयोग कर रहे हैं। गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अभी भी पंजीयक में ही हस्ताक्षर कर रहे हैं।

अपने आदेश में डीपीआई ने कहा है, विभागांतर्गत संचालित शासकीय शालाओं में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को आनलाइन उपस्थिति के लिए वीएसके ऐप का उपयोग करने निर्देशित किया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक रिपोर्ट के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा उपरोक्त एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति नगण्य है। डीपीआई ने शिक्षा संभाग के सभी संयुक्त संचालकों तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को अधीनस्थ समस्त शालाओं में कार्यरत गैर शैक्षणिक कर्मचारियों का पंजीयन एप में कराते हुए, उनकी उपस्थिति इसके माध्यम से सुनिश्चित करने कहा गया है।

जून माह के दूसरे पखवाड़े में शिक्षा मंत्री गजेंद्र सिंह ने विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की थी। बैठक में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर कड़े निर्देश दिए गए थे। सभी के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। ना केवल उपस्थिति बल्कि अवकाश के लिए आवेदन भी अब ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

### विलंब से पहुंचने की शिकायत

पंजीयक के जरिए उपस्थिति दर्ज कराए जाने की स्थिति में रियल टाइम मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है। शिक्षक तथा अन्य कर्मचारियों के विलंब से पहुंचने संबंधित शिकायत के कारण बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया है। राजधानी में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। किंतु दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने और शाला के शिक्षकव विहीन रहने जैसे घटनाएं कई बार आ चुकी हैं।

## ई-20 पेट्रोल आम जनता पर थोपना बंद करे केंद्र सरकार, शुद्ध पेट्रोल का विकल्प देंः रश्मि



**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने देशभर में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण (ई-20) को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने पर केंद्र सरकार की नीति पर गंभीर आपत्ति जताई है। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि ई-20 नीति करोड़ों वाहन मालिकों पर बिना पर्याप्त तैयारी और विकल्प दिए लागू की जा रही है, जिससे आम नागरिक आर्थिक और तकनीकी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार वर्षों की मेहनत, बैंक ऋण या किस्तों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदते हैं। ऐसे में यदि सरकारी नीति के कारण वाहनों की कार्यक्षमता प्रभावित हो, माइलेज घटे और मरम्मत का खर्च बढ़े, तो इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चल रहे हैं जो ई-20 ईंधन के अनुरूप निर्मित नहीं हैं। ऐसे वाहनों में एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से फ्यूल पंप, फ्यूल लाइन, इंजेक्टर, रबर सील, पाइप और इंजन के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। एथनॉल नमी को आकर्षित करने वाला ईंधन है, जिससे ईंधन प्रणाली में जंग लगने, इंजन के पुर्जो के जल्दी घिसने तथा वाहन की कार्यक्षमता प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है। यदि सरकार इस नीति को लागू करना चाहती थी, तो पहले पुराने वाहनों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश, सुरक्षा उपाय और पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था।

## शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर राजेंद्र के मनोनयन से मरार समाज में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा मरार (पटेल) समाज के राजेंद्र नायक को छग शासन के शाकंभरी बोर्ड का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाज में हर्ष की लहर है। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर समाज के विभिन्न संगठनों और प्रबुद्ध जनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। इस नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने राजेंद्र नायक को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुनकर मरार समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और विश्वास को प्रदर्शित किया है।



इस नियुक्ति से न केवल समाज का गौरव बढ़ा है, बल्कि पारंपरिक रूप से सब्जी-भाजी और बागवानी की खेती से जुड़े इस मेहनतकश वर्ग को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेगा। शाकंभरी बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और सब्जी उत्पादक किसानों को सशक्त बनाना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस नियुक्ति पर मरार पटेल समाज के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, रमेश पटेल, तुकाराम पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, दिनेश पटेल, रामशरण पटेल, गैंदलाल पटेल, लोकेश पटेल, घनश्याम पटेल, भेखलाल पटेल, थानेश्वर पटेल, डॉ ईश्वरी पटेल, प्रेम पटेल, सोहन पटेल, प्रहलाद पटेल, मालिक राम पटेल, कृष्ण कुमार पटेल समेत समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार जताया है।

# वेडनर मेमोरियल स्कूल में हुआ छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संघ का गठन किया गया। शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम एवं शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। छात्र संघ गठन के तहत सर्वप्रथम शाला नायक एवं उपशाला नायिका का चयन किया गया।

शाला नायक सिद्ध दीवान एवं शाला नायिका होमी यादव, उपशाला नायक लवेश चांडक एवं उपशाला नायिका श्रेया हंसपाल को पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके पश्चात चारों हाउस ब्लू, ग्रीन, रेड, येलो के कप्तान तथा उप कप्तान भी चुने गए, जिनमें ब्लू हाउस कप्तानः पार्थ चंद्राकर, अवन्या यादव, उप कप्तानः जितिन कश्यप, साइना तिर्की, जूनियर बालक वर्ग से कप्तान : जयजीत बोडरा और बालिका वर्ग से वान्या चंद्राकर, ग्रीनहाउस कप्तानः काव्यांश जैन, पारुल महानंद, उप कप्तानः वासु कुकरेजा, पवार, जूनियर बालक वर्ग से रौनक पांडे एवं बालिका वर्ग से मिसबा खान, रेड हाउस कप्तान : आयुष शर्मा, रिद्धिमा साहू, उप कप्तानः साहिल बेनर्जी, खुशी चंद्राकर, जूनियर बालक वर्ग से अभय बंसल एवं बालिका वर्ग से खनक ध्रुव, येलो हाउस से कप्तानः मो. सैफ अली, वंशिका इदवानी उप कप्तानः मो. अवेश अली, हरगुन कौर, जूनियर बालक वर्ग से चैतन्य चंद्राकर एवं बालिका वर्ग से मौली गंडेचा चयनित किए गए। किसी भी क्षेत्र में अनुशासन के साथ-साथ योग्य नेतृत्व कर्ता का होना अति आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए खेल प्रभारी राजीव यादव एवं संजना कुमारी, सांस्कृतिक प्रभारी पार्थ शर्मा, संजना सिंग, शुभम रात्रे, लाइनी एंथोनी मनोनीत किए गए। अनुशासन प्रभारी मनु महादिक, कृष्णा जगत, हिमांशु पटेल, आदित्य चौहान, किरण चौधरी, सोनल राठी, मोक्षा भंसाली, संचिता पवार व ट्रैफिक वार्डन आयुष अग्रवाल, हिमांशु बघेल, भव्य मेहता, अमनजोत सिंग अरोरा, स्नेहा सिंहा, सौम्या देवांगन, युक्ता दीवान, विभा साहू चुने गए। इसी क्रम में शिक्षकों में हाउस मास्टर एवं हाउस मिस्ट्रेस भी चुने गए। जिसमें ब्लू हाउस मास्टर विनय कुमार गुप्ता, मिस्ट्रेस मिताली जैन, ग्रीन हाउस मास्टर लालेश्वर साहू, मिस्ट्रेस हुमैरा जबीन, रेड हाउस मास्टर भैया लाल वास, मिस्ट्रेस शबनम जेहरा नकवी, येलो हाउस मास्टर कल्पेश जोशी, मिस्ट्रेस अर्चना साहू चुने गए। पदाधिकारियों के चयन पर शाला के मैनेजर एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया।



## शांत्रीबाई महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ जागरुकता कार्यक्रम




**महासमुंद।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत तंबाकू निषेध जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता तिकेश्वरी गिरी गोस्वामी (काउंसलर) ने तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन मुख, गले एवं फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक तथा अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने विद्यार्थियों से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेघारानी ताम्रकार (नर्स) एवं जागृति साहू (नर्स) ने भी विद्यार्थियों को तंबाकू नियंत्रण संबंधी कानूनों, तंबाकू छोड़ने के उपायों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच तंबाकू मुक्त भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त जीवन के संदेश को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका दुबे, द्वितीय लिप्सा एवं तृतीय आंचल गोस्वामी रही। वहीं हिमांशी चंद्राकर एवं विकास दीप को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी में जागरुकता ही तंबाकू मुक्त भारत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वयं तंबाकू का सेवन न करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, जिला स्वास्थ्य समिति के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन तंबाकू मुक्त परिसर एवं तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## पेज 11 के शेष...

### कांग्रेस ने नकटी...

लेकिन यह भाजपा की सरकार गांव गरीब किसान मजदूर आदिवासी विरोधी सरकार है इस सरकार को गरीबो के आंसू आने वाले चुनाव मे बहा ले जायेगी।

**आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस को आगे कर रही सरकार : गेंदु यादव-** ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की भाजपा सरकार गरीबो के साथ जो अमानवीय कदम उठाया है उसे प्रदेश की जनता कभी माफ नही करेगी आज भाजपा के नेता कहा की जो गरीबों के हितों की बात करते थे। श्री यादव ने कहा की भाजपा सरकार दमनकारी सरकार है लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने पर भी यह सरकार डरती है और पुलिस को आगे करती है और आंदोलन को कुचलने का कार्य करती है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, नेहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारेश्वर नेगी, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सामंत शर्मा, डोमार साहू, तनवीर राजपूत, पवन जगत, लोकनाथ साहू, देवन दीवान, गजेन्द्र यादव, लिकेश यादव, घनश्याम, जाकिर रजा, लिलेश साहू, इम्तियाज मेमन, तीवकुमार सोनी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डिजिटल दौर में...

मामले तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक लिंक, बैंक संबंधी जानकारी ओटीपी अथवा पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए। किसी प्रकार के साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई।

**यातायात नियमों का पालन करें : अरुण साहू-** जनजागरुकता कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर अरुण साहू ने छात्रों को यातायात नियमों के पालन के लिए आह्वान किया। बिना हेलमेट दुपहिया न चलाने एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने का आह्वान किया। आरक्षक मिम्मी साहू ने महिला एवं बाल अपराधों के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बाल संरक्षण, महिलाओं की सुरक्षा, गुड टच एवं बेड टच, बाल विवाह, छेड़छाड़, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अपराध की जानकारी तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को देने की सलाह दी गई। इसके अलावा युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सीएसपी तुलसी मरकाम, स्कूल प्राचार्य कृष्णा देवांगन, सब इंस्पेक्टर अरुण साहू, जागेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल राधे सिंह, आरक्षक मिम्मी साहू, पृथ्वीम फाउंडेशन की सदस्य सविता गोस्वामी, कल्पना पांडे, रेणुका तिवारी, स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। जनजागरुकता कार्यक्रम के दौरान सीएसपी तुलसी लेकाम, पृथ्वीम फाउडेंशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा, फाउंडेशन की सदस्यों एवं स्कूल परिवार ने परिसर में वृक्षारोपण कर परिवार संरक्षण का संदेश दिया। एवं छात्र-छात्राओं को अपने घर आसपास एवं खुले स्थानों में पौधारोपण के लिए आह्वान किया। उक्त अवसर पर पश्चिम फाउंडेशन के अध्यक्ष योग्यता सी ने कहा कि अधिक से अधिक पौधा लगाकर ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निजात मिल सकता है।

### 13 लीटर अवैध...

दबिश देकर पूर्णिमा कमार (38) के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 1,200 रुपये बताई गई। पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस को चट्टानपारा नागाबुड़ा में एक अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध शराब रखने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमल सोरी (38) के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसकी कीमत करीब 1,400 रुपये आंकी गई। आरोपी के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप



### किसान कर रहे नैनो यूरिया एवं डीएपी का उपयोग

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग के लिए लगातार अभियान चलाकर प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में महासमुंद जिले में हजारों किसान नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी को अपनाकर बेहतर फसल उत्पादन की ओर अग्रसर है। वर्तमान में जिले के 10,000 से अधिक किसान नैनो उर्वरकों का उपयोग कर फसल उत्पादन में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए आशान्वित है। कृषि विभाग एवं इफको द्वारा जिले में किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से किसान प्रशिक्षण, खेत प्रदर्शन, ग्राम स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम एवं तकनीकी मार्गदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसानों ने धान सहित अन्य फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी को अपनाया। उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया का सहकारी समितियों में 17000 बॉटल 500 मिली भण्डारित किया गया है। कृषकों द्वारा 8100 बॉटल उठाव कर लिया गया है। नैनो डीएपी का सहकारी समितियों में 12400 बॉटल 500 मिली पैकिंग में भंडारित किया गया है, जिसके विरूद्ध 9600 बॉटल का उठाव कृषकों द्वारा किया जा चुका है।

### जबरदस्ती ई-20 इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल थोपना जनता के अधिकारों का हनन : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के उस बयान को जनता को गुमराह करने वाला बताया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से आज तक किसी गाड़ी में कोई शिकायत नहीं मिली है। चंद्राकर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश की जनता से बिना पूछे, बिना कोई विकल्प दिए पूरे देश में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ई 20 पेट्रोल लागू कर दिया है। यह निर्णय किसी वैज्ञानिक आधार या उपभोक्ता की सहमति से नहीं लिया गया, बल्कि एकतरफा आदेश के रूप में जनता पर थोपा गया है। आज दुनिया के तमाम प्रगतिशील देशों में उपभोक्ताओं को चुनने की आजादी दी जाती है।

**निरीक्षण :** दुर्गम पहाड़ी पर सेवाएं दे रहीं आंबा कार्यकर्ता आशामोतिन नेताम होंगी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित

# कलेक्टर का कुल्हाड़ीघाट में निरीक्षण; पहुंचे कमार आदिवासियों के घर, जांची विकास कार्यों की हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भगवान सिंह उइके गुरुवार को अचानक मैनपुर क्षेत्र के बेहद बीहड़ और पहुंचविहीन वनांचल में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी ग्राम कुल्हाड़ीघाट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का कड़ा निरीक्षण किया। कलेक्टर ने किसी औपचारिक तामझाम के बिना स्वयं पैदल ही ग्रामीणों के आशियानों तक पहुंचकर उनकी स्थानीय समस्याओं को बेहद संवेदनशीलता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई ज्वलंत समस्याओं के तत्काल निराकरण के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर उइके ने वनांचल क्षेत्र के विभिन्न शासकीय संस्थानों, प्राथमिक स्कूलों और जारी निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों की कार्यप्रणाली जांची।

कलेक्टर ने सबसे पहले ग्राम जोबा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां खाद्यान्न भंडारण, वितरण व्यवस्था और स्टॉक पंजी का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान राशन लेने पहुंचे गरीब हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर उन्होंने राशन वितरण की नियमितता और खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच की। इस पर हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें प्रत्येक माह नियमित समय पर गुणवत्तापूर्ण राशन सामग्री मिल जाती है। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद सेल्समैन को कड़े निर्देश दिए कि वे सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा के अनुसार समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराएं तथा पूरी वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखें।







### प्राथमिक शाला में बच्चों से पूछे गणित-अंग्रेजी के सवाल, परखा ज्ञान

कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र नवागढ़, शासकीय प्राथमिक विद्यालय नवागढ़ एवं आदिवासी बालक आश्रम धवलपुर पहुंचकर वहां संचालित बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र नवागढ़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषण आहार वितरण एवं केंद्र की साफ-सफाई देखी और बच्चों को चॉकलेट भी बांटी। प्राथमिक विद्यालय नवागढ़ पहुंचने पर उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से गणित, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछकर उनका शैक्षणिक स्तर परखा। बच्चों के सही जवाब देने पर उन्होंने उनकी पीठ थपथपाई और मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों को दो टूक लहजे में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ बच्चों को नैतिक, व्यावहारिक, सामाजिक शिक्षा, अनुशासन और सामान्य ज्ञान पर विशेष ध्यान दें।

### आश्रमों की व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि, दिए निर्देश

इसके बाद कलेक्टर ने आदिवासी बालक आश्रम धवलपुर तथा शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम कुल्हाड़ीघाट का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्टल में छात्रों के रहने की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता और शयन व्यवस्था (बेडिंग) का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अकेले में चर्चा कर उनकी पढ़ाई, भोजन का मीनू और आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं की सीधी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वनांचल के इन बच्चों को उच्च गुणवत्ता का भोजन, सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण तथा सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें बेहतर माहौल में अध्ययन का अवसर मिल सके।

**15 अगस्त को सम्मानित होंगी भालुडिग्गी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशामोतिन–** निरीक्षण के दौरान भालुडिग्गी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती आशामोतिन नेताम के असाधारण और समर्पित कार्यों की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने उनकी जमकर सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि आगामी स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मुख्य समारोह में श्रीमती आशामोतिन को जिला स्तर पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। आशामोतिन अंचल की एकमात्र ऐसी शासकीय कर्मचारी हैं, जो रोज 12 किलोमीटर दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर पैदल चढ़कर भालुडिग्गी जाती हैं और वहां 6 दिन निवास कर आंगनबाड़ी का सुचारू संचालन करती हैं। इसके अलावा, वे पहाड़ी से नीचे उतारकर गर्भवती माताओं को संस्थागत प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाती हैं, जिससे मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित

कलेक्टर के इस औचक व बीहड़ दौरे के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, स्थानीय सरपंच बनसिंग सोरी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश चंद्राकर, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश पटेल, जनसंपर्क अधिकारी श्री सिदार, ग्राम पंचायत सचिव प्रेम ध्रुव, राजेश साहू और सुखराम नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# टपकती छत के साए में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल कुडेरादादर में पालकों ने दी तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए आज 26 वां रोज है। बच्चे नई किताबों,नई यूनिफॉर्म और नए सपनों के साथ स्कूल पहुंचने लगे हैं। लेकिन विकासखंड छुरा के ग्राम कुडेरादादर के प्राथमिक शाला में बच्चों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि वे क्या पढ़ेंगे, बल्कि यह है कि जिस भवन में बैठते, वह सुरक्षित भी है या नहीं। वजह है कि प्राथमिक शाला भवन दो तीन वर्षों से छत टपक रही है, जिससे प्राथमिक शाला के बच्चों को माध्यमिक शाला में दो पालियों में लगाकर स्कूल संचालित किया जा रहा है, जिससे पालकगण विष्णु नेताम, चमन लाल जगत, ईश्वर यादव, यशवंत नागेश, युवराज नागेश, महेश नेताम, ओमप्रकाश नायक, ओमप्रकाश कंवर, बसंत कुमार कंवर,छोटन नेताम, जितेन्द्र ध्रुव,सेवक कंवर का कहना है कि सुबह 8 बजे से 11 बजे तक स्कूल लगता है उसके बाद 11 बजे दूसरे पाली में मिडिल स्कूल संचालित किया जाता है। इससे हमारे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, हमारे बच्चों को सुबह 10 बजे 4 बजे तक स्कूल चाहिए, अन्यथा हम अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार मांग और शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से केवल आश्वासन ही मिले हैं। समिति के सदस्यगण और अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकता की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द ही प्राथमिक शाला के लिए नए भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई और निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ, तो पालकगण स्कूल में ताला बंदी को बाध्य होना पड़ेगा। इस संबंध में गांव में लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है और ग्रामीण आगामी रणनीति तैयार कर रहे हैं।



# कॉलेज के पास मुख्य मार्ग पर गड्ढा, हादसे को दे रहा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तस्वीर में दिख रहा ये गड्ढा राजिम शहर का है। राजीव लोचन कॉलेज के ठीक पहले घटारानी-छुरा मुख्य मार्ग पर यह गड्ढा कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। नाले के ऊपर वैसे ही सीमित जगह है जहां दो गाड़ियां एक साथ इसी प्वाइंट पर यदि क्रासिंग करते है तो मान के चलो हर हाल में दुर्घटना होना ही है। यदि बाइक सवार रात के अंधेरे में किसी तेज लाइट सामने से आ रही गाड़ी की रोशनी में चौंधियाया तो गिरना तय है। यह एक ऐसा संवेदनशील मार्ग है जहां से कॉलेज के सैकड़ों बच्चे पैदल, सायकल और दुपहिया वाहन से आते-जाते है। कॉलेज के पास ही पीएचई और एरीगेशन का दफ्तर भी है लिहाजा लोगों का आना-जाना पूरा दिन भर बना रहता है। छुरा और कौंदकेरा जाने-आने के लिए भी इस मार्ग पर यात्रियों गाड़ियों के अलावा टाटा एस और ऑटो रिक्शा भी बहुतायत संख्या में चलती है जो यात्रियों से भरी होती है। गर तत्काल इस गढ्ढे को पाटकर ढंग से समतल नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश काल का समय है। कभी भी इस रपटा के ऊपर पानी का बहाव आ सकता है जब पानी का बहाव रहेगा तो ये गढ्ढा वाहन चालको को दिखेगा भी नही और दुर्घटना हो जाएगी। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार विभाग से मांग की है कि सड़क किनारे के इस गड्ढे को तत्काल भरा जाए ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# आत्मानंद स्कूल धुरवागुड़ी में शिक्षकों की कमी पर फूटा पालकों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी विद्यालय, धुरवागुड़ी में शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों और शाला प्रबंधन समिति का आक्रोश खुलकर सामने आया है। आज बड़ी संख्या में पालक, जनप्रतिनिधि और समिति के सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में तत्काल शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय में कई विषयों के शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने के कारण कक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है, जिससे बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता और परीक्षा परिणाम पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पालकों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों की पढ़ाई को नियमित बनाया जाए। साथ ही विद्यालय के नए भवन में जल्द अध्ययन कार्य प्रारंभ कराने की मांग भी रखी गई है। शाला प्रबंधन समिति ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई, तो पालक और विद्यार्थी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। इस मामले में अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे ने कहा कि शिक्षकों की कमी का विषय शासन स्तर का है। पालकों और समिति का ज्ञापन प्राप्त हो गया है। शासन को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया जाएगा और जल्द समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।



# घटारानी पर्यटकों से गुलजार, उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बारिश की पहली बूंदों के साथ ही छत्तीसगढ़ की पावन धरा ने फिर से अपनी हरि चादर ओढ़ ली है। और इसी हरी चादर के बीच से फूटती सफेद फुहारें आज हजारों श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रही हैं।



जी हां, बात हो रही है घटारानी प्राकृतिक झरने की जिसे छत्तीसगढ़ का नियाग्रा भी कहा जाता है। मानसून की झमाझम के बाद घटारानी का रूप ही बदल गया है। करीब 52 फीट की ऊंचाई से गिरता पानी जब चट्टानों से टकराता है तो उठती बूंदें पूरे क्षेत्र को शीतल कर देती हैं। चारों ओर घने साल, सागौन और बांस सहित विभिन्न प्रजातियां के जंगल ऐसे लगते हैं मानो धरती ने हरी साड़ी लपेट ली हो। इसी मनोहारी दृश्य के बीच स्थित है माता घटारानी का मंदिर। मान्यता है कि यहां माता के दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। बारिश के बाद मौसम सुहावना होते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया है। लोग पहले झरने की शीतलता में स्नान करते हैं, फिर माता के दरबार में माथा टेक कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। सुबह से शाम तक झरने के आसपास बच्चों की किलकारियां, महिलाओं के भजन और युवाओं के सेल्फी का माहौल है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अभनपुर ही नहीं, ओडिशा और महाराष्ट्र से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। लोग मन्नतें के साथ पुजा,सिंगार प्रसाद का चढ़ावा कर रहे हैं। स्थानीय दुकानदार बताते हैं, बारिश के बाद नवरात्र दशहरा, दिपावली तक रविवार, शनिवार और छुट्टी के दिन पैर रखने की जगह नहीं रहते है। लोग झरना भी देखते हैं और माता का प्रसाद भी लेकर जाते हैं।




समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)
// शपथ-पत्र //

शपथकर्ता- मैं शिवनाथ ध्रुव पिता भगवानदीन ध्रुव वर्ष 30 निवासी ग्राम-पथर्री पंचायत-बोईरगांव, पोस्ट व तहसील-मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्री रेणुका का आधार क्रमांक 3870 9774 6118 उसका नाम कु. रेणुका (KU. RENUKA) पिता शिवनाथ अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्री की जन्म प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में रेणुका पिता शिवनाथ ध्रुव अंकित है।
4. यह कि मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड में नाम कु.रेणुका के स्थान पर नाम परिवर्तन कर रेणुका (RENUKA) पिता शिवनाथ ध्रुव अंकित कराना चाहता हूँ।
5. यह कि मैं उपरोक्त नाम की भिन्नता को स्पष्ट करने एवं उपरोक्तानुसार मेरे पुत्री के आधारकार्ड में उसका नाम रेणुका (RENUKA) पिता शिवनाथ ध्रुव (SHIVNATH DHRUW) दर्ज करने के उद्देश्य से शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांक - 22 जून 2026
शपथकर्ता
शिवनाथ ध्रुव



// शपथ पत्र //

मैं केशर पति श्री धनेन्द्र कुमार ध्रुव जाति-गोड़ निवासी ग्राम-मुडतराई, तहसील-राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) एतद् द्वारा में पूर्णतः पुष्टि करता हूँ, तथा निम्नानुसार घोषित करती हूं:

(1) यह कि, मेरा नाम, पति का नाम, जाति एवं पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि, मैं ग्राम-मुडतराई तहसील-राजिम जिला गरियाबंद छ.ग. की स्थायी निवासी हूँ।
(3) यह कि, मेरा पुराना नाम कु. केशर है, और मैं अपना नाम बदलकर केशर नया नाम करवाना चाहती हूँ।
(4) यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय मे कोई प्रकरण लंबित नही है, और न ही किसी बैंक मे ऋण की राशि शेष है।
(5) यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णातः स्वयं जिम्मेदार रहूँगी।
(6) यह कि मैं शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवाश मे रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती - केशर

//सत्यापन//

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका-1 से 6 के कथन सत्य है। अतः शपथ-पत्र को पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

दिनांक-07/07/2026 शपथकर्ती
केशर


# प्रेमा साईं महराज को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भारत निर्माण कॉन्क्लेव-2026 में अभनपुर के निकट मे स्थित माँ मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमा साई महाराज को केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर सुदर्शन न्यूज़ के सीएमडी एवं एडिटर इन चीफ सुरेश चव्हाणके ने भी उनके सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों की सराहना की।

सम्मान के बाद डॉ. प्रेमा साई जी महाराज ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा, सांसद मनोज तिवारी, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन से शिष्टाचार भेंट कर माँ मातंगी दिव्य धाम की धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी और आगामी माँ कोत्रावै प्रतिमा स्थापना महोत्सव में आमंत्रित किया।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की सेहरापानी में बैठक, संगठन विस्तार व एकजुटता पर चर्चा

**छुरा**। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के ग्राम सेहरापानी में आयोजित सेनानी बैठक में छत्तीसगढ़िया एकता, संगठन विस्तार और जनजागरण का संदेश गूंजा। बैठक के साथ चलाए गए सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में नए साथियों ने उत्साहपूर्वक संगठन की सदस्यता ग्रहण कर छत्तीसगढ़िया विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ गांव-गांव पहुंचकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का अभियान लगातार तेज किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान नए सदस्यों को सदस्यता पर्ची प्रदान की गई तथा उन्हें संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और आगामी जनजागरण अभियानों की जानकारी दी गई। उपस्थित सेनानियों ने अपने-अपने गांवों में सदस्यता अभियान को और अधिक गति देने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान, सामाजिक एकजुटता और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सभी उपस्थित सेनानियों ने एक स्वर में कहा कि संगठन की मजबूती से छत्तीसगढ़िया समाज की आवाज और अधिक प्रभावशाली बनेगी। कार्यक्रम में इगेश्वर नागेश, पूरन नागेश, संतोष यादव, पवन नेताम, अर्जुन नेताम, जलंधर जगत, परमेश्वर नेताम, सुरेंद्र कुमार, भानुप्रताप यादव, चैतराम ध्रुवा, अजय नेताम, परमेश्वर नागेश, पुष्पराज साहू, चोखेलाल साहू सहित बड़ी संख्या में सेनानी उपस्थित रहे।

### हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशाह का सालाना उर्स पाक कल

**नर्रा**। नर्रा शरीफ में हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशाह (र.अ.) पानीपत का सालाना उर्स पाक 11 जुलाई 2026 शनिवार को बड़ी शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उर्स के मुबारक मौके पर दोपहर बाद नमाज़-ए-असर (लगभग शाम 4:30 बजे) गांव में एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस नर्रा गांव के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा। मजार परिसर में पहुंचकर पूरी अकीदत के साथ परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद बारगाह-ए-शाहिदी में संदल शरीफ पेश कर चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी और मुल्क की अमन, चैन व तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी जाएंगी।

### जीवन ज्योति बीमा योजना से परिवार को मिली 2 लाख की बीमा राशि

**महासमुंद**। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना द्वारा समय पर प्रदान की गई आर्थिक सहायता परिवार के लिए कठिन समय में आर्थिक संबल सिद्ध हुई तथा दैनिक आवश्यकताओं एवं अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में सहायक बनी। घोड़ारी निवासी स्वर्गीय सतरूपा चक्रधारी के निधन उपरांत उनके नामित उत्तराधिकारी पवन चक्रधारी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 02 लाख रुपए की बीमा राशि बैंक ऑफ बड़ौदा, मेन ब्रांच, महासमुंद के माध्यम से आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की गई।

# त्रिवेणी रमई पाठः उपेक्षा के कारण अब तक नहीं मिल पाया पर्यटन स्थल का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर तथा जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रमई पाठ धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व का अद्भुत संगम है। इसके बावजूद आज तक इसे पर्यटन स्थल का दर्जा नहीं मिल पाया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रमई पाठ अपनी विशिष्टताओं के कारण पर्यटन स्थल घोषित होने का पूर्ण अधिकार रखता है। रमई पाठ में आठवीं शताब्दी की प्राचीन प्रतिमाएं एवं प्राचीन शंभू शिवलिंग स्थित हैं। यहां आम के वृक्ष की जड़ से वर्षभर दूध जैसी निर्मल जलधारा निरंतर प्रवाहित होती रहती है, जिसे श्रद्धालु चमत्कारिक मानते हैं। इसके अलावा सेमहर वृक्ष में भगवान गणेश एवं शेर पर सवार माता दुर्गा की प्राकृतिक आकृतियां श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सीता की प्यास बुझाने के लिए भगवान लक्ष्मण ने अपने बाण से इस जलस्त्रोत का निर्माण किया था। यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना से अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करते हैं तथा मनोकामना पूरी होने पर लोहे की सांकल चढ़ाने की परंपरा निभाते हैं। चैत्र एवं कुआर नवरात्रि के दौरान व्यापारी संगठन द्वारा विशाल भोजन-भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। वहीं चैत्र पूर्णिमा पर यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, जिसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन की विशेष व्यवस्था भी की जाती है। रमई पाठ चारों ओर से घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहां हिरण, भालू, मोर, खरगोश, जंगली सूअर सहित अनेक वन्यजीव पाए जाते हैं, जो इस क्षेत्र को प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## जनता की मांग, रमई पाठ को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए



### जतमई-घटारानी की तरह विकास की दरकार



क्षेत्रवासियों का कहना है कि रमई पाठ के पीछे स्थित जतमई-घटारानी माता मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा मिल चुका है, जबकि रमई पाठ धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से किसी भी मायने में कम नहीं है। इसके बावजूद पर्यटन विभाग द्वारा अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्षेत्र की जनता ने राज्य सरकार एवं पर्यटन विभाग से मांग की है कि रमई पाठ की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विशेषताओं को देखते हुए इसे शीघ्र पर्यटन स्थल घोषित किया जाए, ताकि यहां आधारभूत सुविधाओं का विकास हो, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलें तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित हो सकें।

**अनदेखी :** जर्जर रपटों से मार्ग बाधित, ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई राह

# रवेली नाले पर नया पुल व चैतरा सेंदर मार्ग की मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





**बजट में 2 करोड़ 6 लाख का प्रावधान, पर स्वीकृति का इंतजार**

ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या से क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के आला अधिकारियों को कई बार लिखित में अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की इस उदासीनता से क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।

मुख्य सड़क से चैतरा होकर ग्राम रवेली पहुंचने का एकमात्र मार्ग इस समय राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। रवेली गांव में प्रवेश करने से पहले पड़ने वाला नाला और चैतरा से आगे सेंदर की ओर बढ़ने पर मिलने वाला रपटा पुलिया, दोनों ही अत्यंत जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। हाल ही में 4-5 जुलाई को इलाके में हुई लगातार बारिश ने इन दोनों पुलों की स्थिति को बद से बदतर कर दिया है। इस मुख्य मार्ग पर आगे के गांवों जैसे सेंदर, परसठ्ठी, बारूला और बोड़की पर उच्च स्तरीय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग गरियाबंद द्वारा बड़े पुलों का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन इन शुरुआती रपटों के न बनने से बारिश के दिनों में पूरा मार्ग बाधित हो जाता है। ऐसे में आगे बने उन बड़े पुलों का औचित्य भी खत्म हो जाता है।

**चैतरा-सेंदर रपटे पर निकले नुकीले छड़, हादसों को निमंत्रण-** चैतरा से सेंदर के बीच बना रपटा काफी पुराना हो चुका है और वर्तमान में पूरी तरह टूट गया है। बारिश होने पर इस रपटे के गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क पर छिपे खतरे दिखाई नहीं देते। रपटे के क्षतिग्रस्त होने से इसके नुकीले लोहे के छड़ बाहर निकल आए हैं। पानी भरे होने के कारण राहगीर इन छड़ों को देख नहीं पाते और अनियंत्रित होकर वाहनों सहित गिर रहे हैं। यहां हर वक्त किसी बड़ी अनहोनी का भय बना रहता है।

**सिस्टम हारा तो ग्रामीणों ने खुद उठाया फावड़ा, श्रमदान से मरम्मत-** हर साल की तरह इस बार भी 4-5 जुलाई की भारी बारिश से रवेली नाले का पुल बीच-बीच से टूट गया और उसमें बड़े-बड़े छेद हो गए। यह मार्ग ग्राम रवेली, बारूला सहित आसपास के रहवासियों के आवागमन की मुख्य जीवनरेखा है। इसी मार्ग से होकर हाई स्कूल व कॉलेज के छात्र, शिक्षक और ग्रामीण अपने रोजमर्रा के कामों के लिए फिंगेश्वर, राजिम, रायपुर और महासमुंद आते-जाते हैं। विगत 7-8 वर्षों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी जब कोई सुध लेने नहीं आया, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। किसी भी सरकारी सहयोग के बिना, ग्रामीणों ने मार्ग को बहाल रखने के लिए स्वयं श्रमदान किया और पुल की अस्थाई मरम्मत कर उसे पैदल चलने लायक बनाया। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि यह अस्थाई मरम्मत ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाएगी और तेज बारिश होते ही फिर वही पुरानी परेशानियां सामने खड़ी हो जाएंगी।

**सेतू निगम से चल रही प्रक्रिया-** अभिषेक पाटकर, मुख्य कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गरियाबंद ने बताया की रवेली पुल निर्माण के लिए बजट पुस्तिका में 2 करोड़ 6 लाख 49 हजार रुपये का प्रावधान रखा गया है। वित्त विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद अब इसकी प्रशासनिक स्वीकृति का इंतजार है। फिलहाल, विभाग की टीम स्थल पर पहुंचकर लोगों की सुविधा के लिए अस्थाई मरम्मत का कार्य करेगी। विभाग की ओर से प्राक्कलन (एस्टीमेट) उच्च कार्यालय को भेजा जा चुका है।

# वीएसके ऐप में तकनीकी खामी और नेटवर्क की मार, वेतन कटने का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि जिले की भौगोलिक परिस्थितियां, कमजोर मोबाइल नेटवर्क और ऐप की तकनीकी खामियों के कारण बड़ी संख्या में शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। शासकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा ने बताया कि गरियाबंद जैसे जिले में बीहड़ जंगल, नदी-नाले, पहाड़ी क्षेत्र, खराब सड़कें और कमजोर नेटवर्क पहले से ही बड़ी चुनौती हैं। ऐसे में वीएसके ऐप की तकनीकी समस्याओं ने शिक्षकों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ऐप के अनुसार छुरा, मैनपुर, फिंगेश्वर, देवभोग और गरियाबंद विकासखंडों के अनेक शिक्षक गैरहाजिर दर्ज किए गए हैं। यह समस्या प्राथमिक विद्यालयों से लेकर हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों तक तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों (सेजेस) के कर्मचारियों को भी प्रभावित कर रही है। शिक्षकों का कहना है कि कई बार एक ही स्कूल परिसर में कुछ शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज हो जाती है, जबकि अन्य शिक्षकों को ऐप निर्धारित लोकेशन से बाहर दिखाता है। इसके अलावा सर्वर डाउन रहने और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। शिक्षकों ने बताया कि आईडी अपडेट, लॉगिन संबंधी दिक्कतों और अन्य तकनीकी शिकायतों के समाधान के लिए स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। कई शिक्षक जिला शिक्षा विभाग की समग्र शिक्षा शाखा में वीएसके के विशेष नोडल अधिकारी के पास भी पहुंचे, लेकिन उन्हें संतोषजनक समाधान नहीं मिल सका। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जून माह में तकनीकी समस्याओं को देखते हुए राहत प्रदान की गई थी और जून का वेतन जारी किया जाएगा। लेकिन जुलाई माह से वीएसके ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं होने की स्थिति में अगस्त में संबंधित गैरहाजिर दिनों का वेतन नहीं दिया जाएगा। शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि अब विद्यालयों में रजिस्टर पर पेन से दर्ज की जाने वाली पारंपरिक उपस्थिति मान्य नहीं होगी। नए शैक्षणिक सत्र से सभी शिक्षक एवं कर्मचारी केवल वीएसके ऐप के माध्यम से ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करेंगे।

शिक्षक संघ ने शासन से मांग की है कि नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान होने तक वेतन कटौती जैसी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए, ताकि दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# राजेंद्र नायक बने शाकंभरी आयोग के अध्यक्ष, मरार पटेल समाज में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मरार पटेल समाज के राजेंद्र नायक को शाकंभरी आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। श्री नायक को अध्यक्ष बनाए जाने से पटेल समाज में प्रसन्नता प्याप्त है उन्हें महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बरतराम पटेल, सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष लिलार पटेल, उपाध्यक्ष खेलू पटेल, नारायण पटेल ,महामंत्री केशव पटेल, दुलेश्वर पटेल, सियाराम पटेल, कुबेर पटेल, फिरंगी पटेल, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, आई टी प्रकोष्ठ के शेखर पटेल, कुमार पटेल, राजिम राज कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पटेल, कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, सुखराम पटेल, कृष्णा पटेल, उत्तम पटेल,सहित पूरा पटेल समाज ने बधाई दी है। मालूम हो कि श्री नायक भाजपा के पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष व रायपुर संभाग के प्रभारी भी है। समाज के प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल ने बताया कि प्रदेश कार्यालय में नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत, सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगो ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कण्डेय ,प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज का सम्मान किया।

# सड़क के जाम पाइप से खेत में भरा घुटनों तक पानी, सड़ने की कगार पर धान के बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश एक ओर किसानों के लिए खेती-किसानी का अनुकूल माहौल लेकर आई है, वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर यही बारिश किसानों के लिए परेशानी का कारण भी बन गई है। ग्राम मोंगरा की किसान लक्ष्मीबाई नेताम इन दिनों अपने खेत में जलभराव की समस्या से जूझ रही हैं। उनके अनुसार यदि जल्द पानी की निकासी नहीं हुई तो पूरे खेत में बोया गया धान का बीज सड़ सकता है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। लक्ष्मीबाई नेताम ने बताया कि उन्होंने अपने लगभग डेढ़ एकड़ खेत में धान की बुवाई पूरी कर ली थी। इसके बाद लगातार हुई बारिश से खेत में घुटनों से ऊपर तक पानी भर गया है। अत्यधिक जलभराव के कारण धान के बीज के सड़ने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि खेती ही उनके परिवार के जीवन-यापन का प्रमुख साधन है और यदि फसल खराब हो गई तो पूरे वर्ष की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका खेत कोमा-खान मार्ग के किनारे स्थित है। करीब 10 से 20 वर्ष पहले इस सड़क के नीचे पानी निकासी के लिए 5 से 7 इंच व्यास का पाइप लगाया गया था, जिससे बारिश का पानी आसानी से निकल जाता था। लेकिन इस बार पाइप में मिट्टी, गाद और कचरा भर जाने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बंद हो गई है। परिणामस्वरूप खेत में लगातार पानी जमा हो रहा है। लक्ष्मीबाई नेताम ने कहा कि यदि एक-दो दिनों के भीतर पानी की निकासी नहीं हुई, तो पूरा धान का बीज सड़ जाएगा और दोबारा बुवाई करनी पड़ेगी, जिससे अतिरिक्त खर्च के साथ समय की भी हानि होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थिति में खेत में उतरकर खेती संबंधी कोई भी कार्य करना संभव नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। इसके लिए सड़क को आवश्यकतानुसार काटकर बड़े व्यास की पाइप (कल्वर्ट) लगाई जाए, ताकि बारिश का पानी आसानी से निकल सके और भविष्य में भी किसानों को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों राम चंद्र नायक का कहना है कि यदि समय रहते जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आसपास के अन्य खेत भी जलभराव की चपेट में आ सकते हैं, जिससे कई किसानों की फसल प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उनकी मेहनत और आजीविका सुरक्षित रह सके।






# हेल्पिंग हैंड्स चैरिटी ग्रुप ने की अब तक 20 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

किसी जरूरतमंद व्यक्ति को सिर्फ एक उम्मीद दिला दो, कि हम आपके साथ खड़े हैं, उस व्यक्ति की आधी समस्या वैसी ही खत्म हो जाती है। छुरा नगर में ऐसी ही उम्मीद की किरण जगाती /"हेल्पिंग हैंड्स चैरिटी ग्रुप नामक एक समूह संचालित है जिसमें लगभग कुल 210 सदस्य शामिल हैं जो आर्थिक रुप से असहाय लोगों की ईलाज के लिए आंशिक सहयोग राशि उनके पारिवारिक व आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर प्रदान करते हैं, ताकि सही व्यक्ति को अधिकाधिक सहयोग किया जा सके। वर्ष 2020 से संचालित ये समूह अब तक 167 से अधिक जरुरतमंदों तक समूह के माध्यम से 20 लाख रू. से अधिक की सहयोग राशि पहुंचा चुकी है। इस समूह का एक ही उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई भी जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना होने पाए। सिर्फ जून माह 2026 के निःस्वार्थ सेवा और सहयोग के इस क्रम में ग्राम पलेमा (दादरगांव नया) निवासी संतोषी बाई लोहार जिनके पेट से लगभग डेढ़ किलो का ट्यूमर निकाला गया और साथ में उनका बाईपास सर्जरी किया गया है, के लिए 20000 रू, हरीश कुमार पटेल ग्राम करकरा (छुरा) को कैंसर जैसे घातक बीमारी के उपचार हेतु 20000 रू, ग्राम कुंडेल (तरीघाट) निवासी नीलकमल चक्रधारी के एक्सीडेंट केस (सिर पर गंभीर चोट) के लिए 10000 रू, बंसीलाल नागेश (चरोदा) के एक्सीडेंट केस के लिए ग्रुप द्वारा 10000 रू की मदद स्वीकृत की गई और चारों को सहायता राशि चेक के माध्यम से दिया गया। इन चारों के उपचार हेतु आर्थिक मदद की अपील हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास आया था, जिस पर कार्यकारिणी समूह द्वारा कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात इन चारों के लिए कुल 60000 रू की सहयोग राशि सिर्फ जून 2026 माह में ग्रुप द्वारा प्रदान की गई।

**6 वर्षों में 167 से अधिक परिवारों का बना सहारा**

जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप वर्तमान में सिर्फ गरियाबंद जिलांतर्गत आने वाले गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को उपचार हेतु आंशिक आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है। इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 210 से अधिक सेवाभावी सदस्य जिसमें नौकरीपेशा के साथ ही व्यापारी, कृषक वर्ग जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपने मेहनत के कमाई का अंशदान समूह को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं। हेल्पिंग हैंड्स चैरिटी ग्रुप परिवार ने सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु कामना किया है। सेवा कार्य के इन 6 वर्षों में समूह ने 20 लाख रू से अधिक का सहयोग राशि जरूरतमंदों को किया हैं।


## आवश्यकता है

**परमेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल**

तर्री (नवापारा-राजिम) जिला रायपुर (छ.ग.) 493885

| क्र. | पद का नाम | अनिवार्य योग्यता | वांछनीय योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता कला | बी.ए. / एम.ए. | बी.एड. | 2 |
| 2. | सहायक शिक्षक / शिक्षिका | 12वीं गणित / विज्ञान | डी.एड. | 3 |
| 3. | आया दीदी | 5वीं / 8वीं | - | 2 |

नोट : वेतन योग्यतानुसार तथा प्रशिक्षण एवं अनुभव के आधार पर देय होगा।

इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंकसूचियों की छायाप्रति, एक पासपोर्ट फोटो के साथ शाला कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं संपर्क करें।

विशेष : रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता हैं।

प्राचार्य
बी.आर. यादव
9340271808

कार्यालय प्रमुख
एस.ताम्रकार
9039365837